# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 28.10.2025

### थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा 01 गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0-320/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 13 वर्षीय 01 गुमशुदा बालक को ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगवाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरों व अन्य तकनीकि माध्यमों से आज दिनांक 28.10.2025 को सुलेमसराय थाना क्षेत्र धूमनगंज से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बालक से मिलकर परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा उनके द्वारा कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस के सार्थक प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

उल्लेखनीय है कि गुमशुदा की मां वादिनी श्री मती पारा देवी पत्नी रणजीत निवासी ग्रा0 गडबड थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर हालपता सुलेमसरांय थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज द्वारा दिनांक 06.10.2025 को थाना धूमनगंज पुलिस को सूचना दी गयी कि, उनका 13 वर्षीय पुत्र घर से साइकिल से देवी जागरण देखने के लिए घर से निकला परन्तु अभी तक वापस नहीं आया है तथा काफी खोजबीन किया गया नहीं मिल रहा है। उक्त सूचना पर थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना स्थानीय पर उक्त अभियोग पंजीकृत किया गया तथा गुमशुदा की बरामदगी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0- 320/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 उमाशंकर सिंह, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

2.का0 कपिल बाबू, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार

थाना सिविल लाइन्स पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 440/2025 धारा- 103(1)/61(2)बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 अभियुक्त शाहिल पुत्र शौकत अली निवासी- 12/14 एमजी मार्ग हर्ष होटल के सामने सागर पेशा थाना सिविल लाइन्स प्रयागराज व 01 अभियुक्ता विजेता पत्नी शौकत अली निवासी- 12/14 एमजी मार्ग हर्ष होटल के सामने सागर पेशा थाना सिविल लाइंस प्रयागराज को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक- 27.10.2025 को रोडवेज बस स्टैण्ड के पास थाना क्षेत्र सिविल लाइंस से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. शाहिल पुत्र शौकत अली निवासी- 12/14 एमजी मार्ग हर्ष होटल के सामने सागर पेशा थाना सिविल लाइन्स प्रयागराज, उम्र 22 वर्ष।
2. विजेता पत्नी शौकत अली निवासी- 12/14 एमजी मार्ग हर्ष होटल के सामने सागर पेशा थाना सिविल लाइन्ल प्रयागराज, उम्र 42 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0- 440/2025 धारा-103(1)/61(2)बी0एन0एस0 थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त शाहिल उपरोक्त-**

मु0अ0सं0– 276/2023 धारा -392/411 भा0द0वि0 थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -**

1. नि0 रामाश्रय यादव, थाना प्रभारी सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. म0उ0नि0 मंजू गौतम, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 निरंजन राय, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 विश्वजीत यादव, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना होलागढ़ पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, मुकदमें से सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता सकुशल बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना होलागढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0-200/25 धारा 137(2)/87 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अकमल खां पुत्र स्व0 तस्दीक अहमद निवासी महानपुर लोहरामऊ थाना कोतवाली देहात जनपद सुल्तानपुर को थाना होलागढ़ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-28.10.2025 को थाना होलागढ़ क्षेत्रान्तर्गत बारादरी बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया तथा

मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–**

अकमल खां पुत्र स्व0 तस्दीक अहमद निवासी महानपुर लोहरामऊ थाना कोतवाली देहात जनपद सुल्तानपुर, उम्र करीब 19 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-200/25 धारा 137(2)/87 भा0न्या0सं0 थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 विक्रान्त कुमार तिवारी, थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. म0उ0नि0 आकांक्षा मिश्रा, थाना होलागढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 आकाश कुमार, थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज
4. म0का0 प्रियंका, थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना बहरिया पुलिस टीम द्वारा 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना बहरिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-167/25 धारा-137(2)/87/352 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित 01 बाल अपचारी को थाना बहरिया पुलिस टीम

द्वारा आज दिनांक-28.10.2025 को थाना बहरिया क्षेत्रान्तर्गत सिकन्दरा तिराहे के पास से पुलिस अभिरक्षा में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए बाल सुधार गृह भेजा गया। साक्ष्य संकलन एवं पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-64(1) भा0न्या0सं0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**सम्बंधित अभियोग का विवरण-**

पंजीकृत मु0अ0सं0-167/25 धारा-137(2)/87/352 भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-64(1) भा0न्या0सं0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना बहरिया प्रयागराज।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह, थाना बहरिया प्रयागराज।
2. उ0नि0 सूरज प्रसाद, थाना बहरिया प्रयागराज।
3. हे0का0 महेन्द्र कुमार, थाना बहरिया प्रयागराज।
4. का0 प्रमोद यादव, थाना बहरिया प्रयागराज।